# बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड

An ISO 9001:2008, 14001:2004 & OHSAS 18001:2007 Certified Company

बिहार सरकार का एक उपक्रम

वेबसाइट: www.bsbccl.bih.nic.in

# BIHAR STATE BUILDING CONSTRUCTION CORPORATION LTD.

An ISO 9001:2008, 14001:2004 & OHSAS 18001:2007 Certified Company

A Government of Bihar Undertaking

Website: www.bsbccl.bih.nic.in

Build Green, Live Green!

CIN:U45200BR2008SGC013513


पत्रांक : बी0एस0बी0सी0सी0एल0–103/2016–परामर्शी सेवा 3188 दिनांक : 19/12/2016

प्रेषक,

**अमृत लाल मीणा,**
प्रबंध निदेशक,

सेवा में,

**उप महाप्रबंधक**
बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0,
परियोजना कार्यान्वयन इकाई,
मुजफ्फरपुर।

**विषयः–माह नवम्बर, 2016 तक की समीक्षात्मक टिप्पणी।**

प्रसंगः–पत्रांक–2636 दिनांक–17.10.2016.

महाशय,

माह सितम्बर, 2016 तक परियोजना कार्यान्वयन इकाई मुज़फ्फरपुर के अन्तर्गत योजनाओं की निगम स्तर पर की गयी समीक्षात्मक टिप्पणी प्रसंगिक पत्र से पूर्व में प्रेषित है। माह नवम्बर, 2016 तक की समीक्षात्मक टिप्पणी निम्नवत् है।

2. **भौतिक प्रगति**

**(i) PHC to CHC उत्क्रमण का कार्यः**

इस योजना के अन्तर्गत इस वर्ष 04 अदद कार्य कराये जाने थे। इन में से 03 अदद कार्य पूर्ण किये जा चुके है। बेलसंड में योजना की प्रगति 95% सूचित किया गया है। कार्य को 31 दिसम्बर, 2016 तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

**(ii) 550 परम्परिक गोदाम निर्माण की योजनाः**

इस योजना के अन्तर्गत कुल 38+77=115 अदद पारम्परिक गोदाम निर्माण की योजना का कार्यान्वयन कराया जाना था। इन योजनाओं में से 12 अदद योजनाएँ स्थगित की गयी है। शेष 103 अदद योजनाएँ पूर्ण की जा चुकी है।

**(iii) 144 PEB गोदाम निर्माण योजना :**

परियोजना कार्यान्वयन इकाई, मुजफ्फरपुर में कुल 74 अदद PEB गोदाम का निर्माण कराने की प्रशासनिक स्वीकृति खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा दी गयी थी। इन योजनाओं में से 07 अदद योजना प्रशासी विभाग द्वारा रद्द किया जा चुका है। इस प्रकार आपको 67 अदद योजनाओं का कार्यान्वयन कराया जाना था। प्रतिवेदन में आपने कुल 70 अदद योजना के कार्यान्वयन कराये जाने की सूचना प्रतिवेदित की है। जाँचोपरान्त यह पाया गया कि कुढ़नी, जन्दाहा एवं नरकटियागंज–3 में वैसी योजनाओं का कार्यान्वयन कराया जा रहा है। जिसकी प्रशासनिक स्वीकृति प्रशासी विभाग से प्राप्त नहीं है। इन बिना प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त योजनाओं में से नरकटियागंज–3 के योजना की प्रगति 30% तथा भुगतान ₹5133798.00 का किया गया है। योजना के अभ्युक्ति में यह दर्ज है कि महाप्रबंधक (उत्तर) के निदेश पर बन्द कार्य कराया गया है। इसके बावजूद वैसी योजना जिसकी प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त नहीं है पर ₹51.338 लाख भुगतान करने के लिये आप पूर्णरूपेण जवाबदेह हैं।

इसके अतिरिक्त 67 अदद योजना में अधिकांश की प्रगति 30% से कम प्रतिवेदित की गयी है। जबकि इन योजनाओं के कार्य पूर्ण करने की तिथि समाप्त हो चुका है। यह अत्यन्त चिन्ता का विषय है। आप व्यक्तिगत रूचि लेकर इन योजनाओं को 31 मार्च, 2017 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**(iv) प्रेस क्लब का निर्माण कार्य :**

इस योजना के अन्तर्गत कुल 05 अदद प्रेस क्लब के निर्माण कार्य की योजना का कार्यान्वयन कराया जा रहा है। इन योजनाओं में से 04 अद्द योजना का कार्य पूर्ण होने तथा 01 अद्द योजना की प्रगति 30% प्रतिवेदित किया गया है। योजना के कार्य पूर्ण होने की तिथि 31.05.2016 थी। इस प्रकार योजना की प्रगति असंतोषजनक है। योजना को शीघ्र पूरा कराना सुनिश्चित करें।


निबंधित कार्यालयः बी0एस0बी0सी0सी0एल, हॉस्पीटल रोड, शास्त्री नगर, पटना–800023, दूरभाषः +91–612–2284861, फैक्सः +91–612–2280324, ई–मेलःbsbccl.patna@gmail.com

Registered Office: BSBCCL, Hospital Road, Shastri Nagar, Patna – 800023, Telephone No.: +91-612-2284861, Fax: +91-612-2280324, Email: bsbccl.patna@gmail.com

**(v) पशुपालन एवं मत्स्य विभाग की योजना :**

इस योजना के अन्तर्गत कुल 04 अदद पशु चिकित्सालय का निर्माण किया जाना है। सभी योजना पूर्ण किया जा चुका है।

**(vi) समाज कल्याण विभाग :**

इसके अन्तर्गत 03 पर्यवेक्षणगृह का निर्माण कराया जाना था। इस योजना में से 02 अद्द पूर्ण हो चुका है तथा 01 अदद योजना स्थल अनुपलब्ध रहने के कारण प्रारम्भ नहीं हो सका है।

**(vii) विधि विभाग :**

इस विभाग की 01 अदद योजना का कार्यान्वयन किया जा रहा है। योजना प्रगति पर है।

**(viii) सिविल विमानन विभाग :**

इस विभाग की 01 अदद योजना आपको दी गयी है। योजना की प्रगति 20% प्रतिवेदित किया गया है।

**(ix) कला , संस्कृति एवं युवा विभाग :**

इस विभाग की 09 अद्द योजनाओं का कार्यान्वयन किया जाना है। इनमें से 07 अद्द योजना पूर्ण हो चुकी है। तथा 02 अद्द योजना स्थल उपलब्ध नहीं रहने के कारण प्रारम्भ नहीं हो सकी है।

**(x) कृषि विभाग :**

इस विभाग की 01 अद्द योजना का कार्यान्वयन कराया जाना था। कार्य प्रगति 98% प्रतिवेदति है। योजना को 31 दिसम्बर, 2016 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**(xi) बिहार राज्य बीज निगम लि0:**

अहयापुर, मुजफ्फरपुर में 1000 मे0 टन गोदाम निर्माण कराना था। भूमि उपलब्ध नहीं रहने के कारण योजना आरम्भ नहीं हो सकी है। योजना का निर्माण सम्भव नहीं है तो इसे बन्द करने का प्रस्ताव दें।

**(xii) बीज प्रमाणन एजेन्सीः**

इस विभाग की 01 अद्द योजना प्राप्त हुई थी जो पूर्ण हो चुकी है।

**(xiii) राजस्व एवं भूमि सुधार विभागः**

शिवहर के न्यायालय बनाने का कार्य पूर्ण हो चुका है।इसे हस्तानान्तरित भी किया जा चुका है।

**(xiv) अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग :**

इसके अन्तर्गत 05 अद्द योजनाओं का कार्यान्वयन किया जाना था। इनमें से 02 अद्द योजनाएँ पूर्ण हो चुकी है। सुगाँव (पू0 चम्पारण) 70% , सिधांव (प0 चम्पारण) 2% तथा सीतामढ़ी 0% प्रगति की सूचना दी गयी है। कार्य की प्रगति में तेजी लाये तथा योजना को शीघ्र पूरा कराना सुनिश्चित करें।

**(xv) विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभागः**

इसके अनतर्गत एम0आई0टी0 मुजफ्फरपुर में छात्रावास निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है। शीघ्र हस्तानान्तरण की कार्रवाई करें।

**(xvi) उद्योग विभागः**

इस विभाग की 02 अद्द योजनाओं का कार्यान्वयन कराया जाना था। योजना की प्रगति शिवहर में शून्य तथा प0 चम्पारण में 80% प्रतिवेदित है। कार्य की प्रगति असंतोषजनक है। योजना की प्रगति में तेजी लाये तथा शीघ्र पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

**(xvii) अल्पसंख्यक कल्याण विभाग :**

इसके अन्तर्गत कुल 08 अद्द योजनाओं का कार्यान्वयन कराया जाना है। 02 अद्द योजना स्थल अनुपलब्ध रहने के कारण प्रारम्भ नहीं हो सकी है। शेष 06 अद्द योजना की प्रगति 20% से कम प्रतिवेदित की गयी है। कृपया कार्य में रूचि लें तथा योजना को शीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**(xviii) बुनियाद केन्द्र :**

पुराने भवनों का जीर्णोद्धार कर बुनियाद केन्द्र निर्माण की 02 अद्द योजनाओं का कार्यान्वयन कराया जाना था दोंनो योजनाएँ पूर्ण हो चुकी है।

2. वित्तीय प्रगति

आपसे प्राप्त वित्तीय प्रगति से यह स्पष्ट हो रहा है कि कार्यान्वित योजनाओं की समेकित एकरारित राशि ₹2,6975.36 लाख है जिसके विरूद्ध 31 मार्च, 2016 तक ₹3082.81 लाख का भुगतान किया गया है। चालू वित्तीय वर्ष में कार्यान्वित योजनाओं की समेकित अवशेष राशि ₹26740.66 लाख है तथा चालू वित्तीय वर्ष में ₹2442.92 लाख का भुगतान किया गया है। वित्तीय प्रगति 09% है। जो नगन्य (कम) है।

3. पी0एम0आई0एस0 एवं प्रबंधन :

आपके द्वारा पूर्ण कार्यों का Handedover report तथा वित्तीय प्रगति upload नहीं किया जा रहा है। कृपाया PMIS पर सभी सूचनाएँ अद्यतन करें।

4. मासिक लेखा :

वर्ष 2016–17 के प्रथम तिमाही एवं द्वितीय तिमाही का लेखा 03 माह से अधिक की अवधि व्यतीत हो जोने के बावजूद भी निगम मुख्यालय को उपलब्ध नहीं कराया गया है। प्रसंगिक पत्र से मासिक लेखा को अद्यतन करने का निदेश दिया गया था किन्तु आप पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। यह खेद पूर्ण है।

5. गुण नियंत्रण :

आपके परिक्षेत्राधीन गुण नियंत्रण प्रयोगशाला पूर्व से स्थापित है किन्तु इस प्रयोगशाला में जाँच किये गये नमूनों का जाँच फल निगम को उपलब्ध कराया गया है किन्तु इससे यह स्पष्ट नहीं है कि यह किस स्टेज का sample है यह स्पष्ट नहीं है। कृपया पूर्ण सूचना के साथ प्रतिवेदन दें।

6. पूर्ण कार्यों का अन्तिम विपत्र :

प्रसंगिक पत्र से मैंने आदेश दिया था कि परियोजना कार्यान्वयन इकाई, मुजफ्फरपुर को प्राप्त कुल 287 अदद योजनाओं में से 239 अदद योजनाओं का कार्यान्वयन कराया जा रहा है। कार्यान्वित इन 239 अदद योजनाओं में से 166 अदद योजनाएँ अब तक पूर्ण हो चुकी है। पूर्ण योजनाओं का यदि अन्तिम विपत्र तैयार कर लिया गया है तो इसकी सूचना दी जाये तथा अन्तिम विपत्र के अनुसार कार्य की लगत राशि बताया जाये। मेरे आदेश के बावजूद भी आपके द्वारा अनुपालन नहीं किया गया।

उपर्युक्त के परिपेक्ष्य में आपके परियोजना कार्यान्वयन इकाई का कार्य–कलाप सामान्य से भी कम कहा जा सकता है। आपको संवेदनशील होने एवं योजनाओं का ससमय पूर्ण कराने के प्रयास करने की आवश्यकता है। आपको निर्देश है कि सभी विन्दूओं पर दिनांक–25.12.2016 तक की गयी कार्रवाई से सम्बन्धित (Action taken report) प्रतिवेदन समर्पित किया जाये तथा अपने कार्य कलाप में सुधार लाये।

7. स्पष्टीकरण :

आपके द्वारा माह सितम्बर, 2016 तक की समीक्षात्मक टिप्पणी में दिये गये निदेश का अनुपालन प्रतिवेदन (ATR) मेरे निदेश के बावजूद क्यों और किस परिस्थिति में नहीं भेजा गया। इस सम्बन्ध में अपना स्पष्टीकरण दिनांक–20.12.2016 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। साथ ही कार्यों का अन्तिम विपत्र, अवशेष कार्यों का टाइम लाईन, अद्यतन मासिक प्रतिवेदन शीघ्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

विश्वासभाजन

17.12.16

(अमृत लाल मीणा)

ज्ञापांकः– 3188 दिनांकः– 19/12/2016

प्रतिलिपि : मुख्य महाप्रबंधक, सभी महाप्रबंधक, उप महाप्रबंधक सारण, परियोजना प्रबंधक, आई0टी0 मैनेजर, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

महाप्रबंधक (परामर्शी सेवा)